# नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग

# वीर बाल दिवस



## 26 दिसंबर 2025

## भजन ..कीर्तन ..अरदास

प्रात: 11:30 बजे

नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय
दुर्ग, छत्तीसगढ़
(शासकीय विज्ञान महाविद्यालय परिसर, दुर्ग)

Naveen Govt. Sangeet Mahavidyalya
Durg, Chhattisgarh
(Govt. Science College Campus, Durg)

Email: naveensangeetcollege@gmail.com Contact - 98274 61164

26/12/25

## संगीत महाविद्यालय में वीर बाल दिवस पर भजन, कीर्तन और अरदास

नवीन शासकीय महाविद्यालय, संगीत दुर्ग में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम भाव राग मंजरी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के वीर बालकों के साहस और बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और आदर्श मूल्यों का संवर्धन करना था। समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र खिलेंद्र ने गिटार वादन के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों का स्वागत करते हुए वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, दोनों वीर साहसी बालकों के बलिदान को बताया तथा बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक मूल्यों की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत BPA प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गुरजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत अरदास गीत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने बताया कि सरहिंद जाकर आज भी एक अलग अहसास की अनुभूति होती है, जहां उन साहिबजादों ने शहादत आई थी । इसके साथ ही तपन कुमार नाथ, विवेक यादव, पंकज देशमुख, प्रकाश कश्यप,माधो राम सिन्हा, रामचंद्र घोष ने सुमधुर भजन ,कीर्तन से राष्ट्रप्रेम, उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। सभी प्रस्तुतियां भाव-राग मंजरी संगीत शृंखला के अंतर्गत की गईं जिसने सभी दर्शकों का मन मोहित कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा गीत, वादन और भाव प्रस्तुति की धारा ने समारोह को एक अद्भुत सांस्कृतिक रूप प्रदान किया। अंत में अतिथि प्राध्यापक सुश्री सरला साहू ने अपनी मीठी आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कार्यक्रमों में माधो राम सिन्हा जी के हारमोनियम और खिलेंद्र की तबले में संगत ने प्रस्तुतियों में चार चांद लगा दिए । मुस्कान साहू ने अपनी। मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा,वत्सल तिवारी, राजेंद्र कुमार, और भारती जंघेल की उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और वीर बाल दिवस की महत्ता पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यालय विभाग से यशवंत कुमार साहू (कार्यालय अध्यक्ष), धनराज भोयर और गौरव मनहरे ने कार्यक्रम की व्यवस्था, संचालन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों और समस्त स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन रामचन्द्र घोष द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया ।संचालन शैली ने कार्यक्रम में सहजता, अनुशासन और आकर्षण बनाए रखा।आभार राजेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा किया गया ।












Principal
Naveen Govt. Sangeet College
Durg (C.G.)